आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



ताजा समाचारों के लिए हमारा एंड्रॉयड ऐप डाउनलोड करें
harikamaldarpan.com

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल | मो. : 9358430959 | Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 18 मेरठ, मंगलवार 12 मई, 2026 | Website:- harikamaldarpan.com | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य : दो रुपये

## समाज की सेवा में जुटी है स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट की टीम

**दिल्ली।** स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट (रजि.) की टीम समाज की सेवा में पूरी ताकत से जुटी हुई है। 5 मई को भारत की एथलीट इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट चैम्पियन अंजली पाल (ग्राम अटेरना तहसील सरधना जिला मेरठ) की शादी में शामिल होने व कन्या दान करने के लिए संस्था के तमाम पदाधिकारी पहुंचे और उन्होंने अंजली पाल को मोमेंटो दिया। टीम में दिल्ली के समाजसेवी जे.डी. पाल, यशपाल सिंह (प्रधान जी), राम प्रकाश पाल, सुरेश चंद्र पाल, मास्टर मंगत राम पाल, महेश चन्द पाल, ललित कुमार, सुबोध कुमार (सिंह किचन गैलरी) बेगमपुर, मास्टर रविंद्र होल्कर गाजियाबाद, श्रीमती भोजरानी पाल, लता पाल, गीता रानी पाल साहिबाबाद व गीता रानी पाल (पत्नी महेश चंद पाल) ने अंजली पाल को सुखी विवाहित जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अंजली पाल की माताजी, पिताजी, भाइयों व कुटुंब परिवार ने समस्त टीम का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनी है कि ट्रस्ट द्वारा समाज के चहुंमुखी विकास के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं जिनमें जरूरतमंद बच्चों को किताबें, ड्रेस आदि से लेकर उनकी बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करना, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी कराना, बेसहारा वृद्ध महिलाओं व पुरुषों की देखभाल करना आदि के साथ ही समाज के सम्मान को बढ़ाने व संस्कृति की रक्षा करने के कार्य शामिल हैं। ट्रस्ट द्वारा पाल बघेल धनगर समाज के जिन मेधावी छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 में 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व उपहार देने के लिए शीघ्र ही प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने की घोषणा की है। इसके लिए योग्य छात्र-छात्राएं अपनी मार्कशीट व आधार कार्ड की फोटो कॉपी व एक पासपोर्ट साइज फोटो 25 मई तक संस्था के पदाधिकारियों के पास जमा करा सकते हैं। इसके लिए संपर्क सूत्र -9999903344, 8128934394, 9958362969, 8700153018, 9953335197, 9354008031 हैं। **-ब्यूरो**





## क्रिकेटर प्रवेश पाल का टी-20 मुंबई में चयन

**सुलतानपुर।** जिले के उभरते क्रिकेटर प्रवेश पाल ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए प्रतिष्ठित टी-20 मुंबई टूनामेंट में जगह बनाई है। कटका खानपुर निवासी प्रवेश अब भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेलते नजर आएंगे। पिछले सीजन में तीन मैचों में चार विकेट और 6 की इकॉनमी से उन्होंने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया था। कोच असद अहमद की देखरेख में निखरे प्रवेश के चयन पर जिला ओलंपिक संघ समेत खेल जगत से जुड़े पदाधिकारियों ने हर्ष जताते हुए इसे सुलतानपुर के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। **-ब्यूरो**



## डॉ. देवांश धनगर को मिला एक और अवार्ड

**आगरा।** कोडिंग मास्टर डॉ. देवांश धनगर को आरकेडीएक्स टॉक्स संस्था द्वारा 'टॉप 30 नेशनल एजुलीडर अवार्ड्स 2026' से सम्मानित किया गया है। डॉ. देवांश धनगर का कहना है कि यह सम्मान सिर्फ एक अवॉर्ड नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास और मेहनत का परिणाम है जो शिक्षा के क्षेत्र में हम लगातार कर रहे हैं। छोटे-छोटे कदमों से शुरू हुई यह यात्रा आज इस मुकाम तक पहुँची है और इसका श्रेय मेरे गुरुओं, मेरे छात्रों और उन सभी लोगों को जाता है जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मेरा लक्ष्य हमेशा यही रहेगा-शिक्षा के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सशक्त बनाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना। यह तो बस शुरूआत है, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इस उपलब्धि के लिए डॉ. देवांश धनगर को हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**




## मेरठ में धूमधाम से मनाई जाएगी अहिल्याबाई जयंती

**मेरठ।** देवी अहिल्याबाई होल्कर उत्थान समिति मेरठ की एक बैठक 9 मई को रॉयल पैलेस माधवपुरम में संपन्न हुई जिसमें देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कृपाल सिंह पाल राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय पाल महासभा ने की। बैठक में सर्व-सहमति से महिला सशक्तिकरण वर्ष के तहत वरिष्ठ समाजसेवी तथा समाज को दिशा देने वाले स्वर्गीय डॉक्टर डी.के. पाल की धर्मपत्नी श्रीमती सहेंद्री पाल को इस वर्ष कार्यक्रम संयोजक बनाया गया। कार्यक्रम 31 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरवीर पाल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष बोबी पाल, उमाशंकर पाल लिसाड़ी, एडवोकेट महेन्द्र पाल, रुपेश पाल कालियागढ़ी, एडवोकेट नन्दलाल पाल, आजाद समाज पार्टी के नेता संजीव पाल, कुंवर पाल, तपेश पाल नूरनगर, सुरेश पाल जैनपुर, नरेश पाल रघुनाथपुर, संदीप पाल, गुलशन पाल, जितेन्द्र पाल किनापुरिया, निरंजन सिंह पाल सम्पादक हरिकमल दर्पण, विनोद पाल पल्हैड़ा आदि ने अपने विचार रखे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में पल्हैड़ा से मुखिया सतीश पाल, विवेक पाल, वीर पाल के साथ ही अरुण पाल जैनपुर, बिजेन्द्र पाल फोटोग्राफर, अर्जुन पाल (ए.पी. कम्प्यूटर), रणवीर पाल रघुनाथपुर, मदन पाल कंकरखेड़ा, राजेन्द्र पाल गेसूपुर, धर्मेन्द्र पाल, नरेश पाल काजीपुर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अखिल भारतीय पाल महासभा मेरठ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल ने किया। **-ब्यूरो**






## टैगोर इंटीग्रेटेड आर्ट अवार्ड से सम्मानित होंगे यशवर्धन सिंह

**कानपुर।** सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. अंशुमान सिंह के सुपुत्र यशवर्धन सिंह को कोलंबो (श्रीलंका) में 7 अगस्त को आयोजित होने वाली 'ग्लोबल आइकॉन समिट-2026' में टैगोर इंटीग्रेटेड आर्ट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान शून्य से शिखर फाउंडेशन की निदेशक डॉ. चंद्रकला सिंह द्वारा प्रदान किया जाएगा। नन्हें इतिहासकार यशवर्धन सिंह को हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। **-सम्पादक**




## हरिकमल दर्पण



### देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती विशेषांक हेतु रचनाएँ आमंत्रित

आगामी 26 मई 2026 को 'हरिकमल दर्पण' का देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती विशेषांक प्रकाशित किया जाएगा। विशेषांक हेतु सभी पाठकों से रचनाएँ आमंत्रित हैं। आप अपने लेख, कविताएँ, सन्देश एवं शुभकामनाएँ निःशुल्क प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। विशेषांक में आप अपने संस्थान/संगठन/प्रतिष्ठान का अथवा व्यक्तिगत रूप से विज्ञापन भी प्रकाशित करा सकते हैं।

विशेषांक हेतु अपनी रचनाएँ अथवा विज्ञापन का डिजाइन व्हाट्सअप नम्बर 9358430959 अथवा ई-मेल niranjanpal10021963@gmail.com पर 22 मई 2026 तक भेज दें।

**विज्ञापन की धनराशि हमारे भारतीय स्टेट बैंक के अकाउन्ट नं0 10493870240 में 'हरिकमल दर्पण' के नाम से जमा करा सकते हैं (IFSC Code : SBIN0002321)। फार्म के साथ रुपये जमा करने की रसीद की फोटो व्हाट्सअप नम्बर 9358430959 पर भेजें। इसी मोबाइल नम्बर पर 'फोन पे' की सुविधा भी उपलब्ध है।**
-सम्पादक

## अजीत सिंह पाल का कद बढ़ा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी) व सिकंदरा से विधायक अजीत सिंह पाल को योगी आदित्यनाथ कैबिनेट में स्वतंत्र प्रभार का मंत्री बनाया गया है। 10 मई को उन्होंने शपथ ग्रहण की। उनकी पदोन्नति से पाल समाज में हर्ष व्याप्त है। **-ब्यूरो**


कृष्ण पाल


वीरेन्द्र कुमार पाल


गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेड़ा, मेरठ

# हरिकमल दर्पण

## 31 मई को पर्व की तरह मनाएं!



*देशभर में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती को धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। तमाम सामाजिक संगठन जहां इसके लिए बैठकें कर रहे हैं वहीं कुछ राज्यों की सरकारों द्वारा भी 31 मई को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने की सूचनाएं मिल रही हैं। मध्यप्रदेश व राजस्थान में तो स्वयं मुख्यमंत्री स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। उत्तर प्रदेश में भी लगभग सभी जिलों से अहिल्याबाई जयंती के लिए जोरदार तैयारियां किए जाने के समाचार मिल रहे हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर न केवल हमारे समाज की बल्कि पूरी मानव जाति के लिए पूजनीय हैं क्योंकि उन्होंने अपने शासन काल में जैसे लोकहित के कार्य किए वैसे किसी भी अन्य महापुरुष द्वारा किए जाने की जानकारी हमारी इतिहास की किताबों में नहीं मिलती। 31 मई पूरे गडरिया समाज के लिए एक स्वर्णिम अवसर है जिस दिन यह समाज अपनी एकजुटता के साथ ही शक्ति प्रदर्शन भी कर सकता है। समाज के सभी लोगों को चाहिए कि वे 31 मई को उसी तरह पर्व के रूप में मनाएं जैसे होली-दिवाली मनाते हैं। हालांकि 31 मई को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा काफी समय से केन्द्र सरकार से की जा रही है लेकिन न जाने क्यों अभी तक सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। सत्ता से जुड़े हमारे समाज के नेताओं की भी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे 31 मई को राष्ट्रीय अवकाश घोषित कराने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाएं। इसके अलावा अन्य सामाजिक संगठनों को भी इस बारे में प्रयास तेज करने होंगे। बहरहाल, सरकार 31 मई को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करे या न करे, हमारे समाज के लोग तो इसे राष्ट्रीय पर्व के रूप में मना ही सकते हैं। समाज के सभी लोगों को इस अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

# गडरिया समाज को आपसी तालमेल एवं चिंतन शिविर की आवश्यकता!

वर्तमान में गडरिया समाज में समय-समय पर अनेक सामाजिक कार्यक्रम के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी सामाजिक इतिहास और समाज की अनेक गतिविधियों का प्रचार-प्रसार हो ही रहा है जिसका परिणाम यह है कि आज हमारे समाज में अपने इतिहास और अपने महापुरुषों को लेकर बहुत जागरूकता आयी है। यहां तक कि सरकारें भी कुछ हद तक हमारे समाज को नोटिस कर रही हैं। परंतु हमारे समाज में आज भी आंतरिक कलह, खंड-खंड में विभाजन, उपजातियों में विभाजन, उपनाम (सरनेम) को लेकर कलह, सामाजिक कुरीतियां, आपसी मतभेद, राजनीति में भागीदारी का न होना, शिक्षा का अभाव आदि व्याप्त हैं। कारण सीधा सा है-आजादी के बाद भी हमारे समाज की सरकारों द्वारा अनदेखी एवं हमारे समाज के उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों की निष्क्रियता और उदासीनता चाहे वो प्रशासनिक पदों पर रहे हों या राजनैतिक पदों पर रहे हों। साथ ही समाज में कुकुरमुत्तों की तरह पनप रहे विभिन्न संगठनों और उनका केवल समाज को ठगना और अपना राजनैतिक लाभ के लिए सरकारों की चाटुकारिता करना भी शामिल है। समाज के हित के लिए चलाए गए सभी मिशन आज तक उस स्तर तक नहीं पहुंच पाए जहां तक पहुंचना चाहिए था। ऐसा नहीं है कि कुछ नहीं बदला, बहुत कुछ बदल गया है परंतु हमारा समाज आज भी मुख्यधारा से दूर है। वर्तमान में गडरिया समाज में सम्पूर्ण भारत में प्रत्येक राज्य, प्रत्येक जिले, प्रत्येक तहसील में एक ऐसा सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हो जिसमें हमारे समाज के विभिन्न संगठनों एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के लोग एकत्र हों, जिसमें अधिक से अधिक गांवों, कस्बों, शहरों से लोग आएं। इस सम्मेलन का उद्देश्य केवल सेल्फी, ग्रुप फोटो, भाषण तक सीमित न रहे। इसमें सभी को आपसी परिचय करते हुए सामाजिक चिंतन और मंथन करना होगा। सभी क्षेत्रों में समाज को मजबूत कैसे बनाया जाए, उस पर चर्चा हो। राजनैतिक भागीदारी कैसे हो, उस पर चर्चा हो। उसके बाद बड़े स्तर पर राज्य और पूरे भारत का एक सम्मेलन हो। उसमें भी यही नियम पालन किए जाएं। केवल भाषण, सेल्फी, ग्रुप फोटो तक ही नहीं बल्कि आपसी चर्चा की जाएं। सभी विषयों पर बात हो। सभी मतभेद भुलाए जाएं। इस प्रकार के आयोजन के साथ-साथ अब हमें सोशल मीडिया का भी उपयोग करना होगा जिससे हम कम समय और सुलभ तरीके से आपस में जुड़ सकते है। हमें समय-समय पर व्हाट्सअप, फेसबुक आदि के माध्यम से गोष्ठी रखनी होगी जिसमें हम सभी क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तियों को अधिक से अधिक जोड़ें। कहने का मतलब साफ है कि हमें अब किसी भी मंच पर एक साथ एकत्र होकर विस्तृत चर्चा की जरूरत है जिसमें हम सोशल मीडिया के साथ-साथ चिंतन शिविर लगाएं जिसमें कुछ समय के लिए गडरिया समाज के उत्थान की चर्चा हो और सभी एक-दूसरे से आपस में मिल सकें। अलग-अलग जगहों से आए सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र का इतिहास, क्षेत्र की समस्याएं, समाज में कुरीतियां, वहां की बोलचाल भाषा, वहां की संस्कृति, वहां की राजनैतिक दशा आदि पर चर्चा हो सके और सभी लोग इन सब से परिचित हो सकें, समान विचारधाराओं का समावेश हो सके। उम्मीद है कि गडरिया समाज आपसी तालमेल और चिंतन शिविर के लिए तैयार होगा।




**-विवेक पाल**

इस्माईलपुरदमी (नकीपुर), बिजनौर

मो. 9410262114

# समाज की महिला ब्रिगेड के गठन में सहयोग दें!

हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हम अपने समाज में एक 'महिला ब्रिगेड' का गठन कर रहे हैं, जिसका भविष्य के लिए एक सशक्त दृष्टिकोण है। हमारा मानना है कि जब महिलाएं किसी उद्देश्य और समर्पण के साथ एकजुट होती हैं तो वे आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत नींव रख सकती हैं। इस मंच के माध्यम से हमारा लक्ष्य हर महिला को सशक्त बनाना है ताकि वे हमारे बच्चों और समाज के लिए एक बेहतर, सुरक्षित और प्रगतिशील भविष्य को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। यह पहल निम्नलिखित कार्यों के लिए समर्पित है-हमारे बच्चों के कैरियर और भविष्य का विकास करना, महिलाओं के नेतृत्व और भागीदारी को प्रोत्साहित करना, शिक्षा, प्रशासन और राजनीतिक जागरूकता के क्षेत्रों में हमारे समाज का मार्गदर्शन करना, ज्ञान साझा करने और सहयोग के माध्यम से एकता और शक्ति का निर्माण करना, यदि हमारे समाज के किसी भी सदस्य को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ता है तो उन्हें प्रेरित करना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना, उन लोगों को छोटे उद्योग (स्टार्टअप) शुरू करने में मार्गदर्शन देना जिनके पास विभिन्न कौशलों का ज्ञान है; इसके लिए छोटे-छोटे समूह बनाकर और सभी सदस्यों के आपसी तालमेल से वे अपने कार्यों का स्वयं प्रबंधन कर सकेंगे। यह ब्रिगेड एक सरल लेकिन शक्तिशाली सिद्धांत पर काम करेगी-किसी भी प्रकार के आर्थिक योगदान की आवश्यकता नहीं है, केवल आपका कीमती समय, अनुभव और ज्ञान ही वास्तविक बदलाव लाएगा। इसके लिए किसी भी प्रकार की शैक्षिक योग्यता (डिग्री) की शर्त नहीं रखी गई है; हमारे लिए केवल व्यावहारिक ज्ञान, समय और एकता की भावना के साथ आपकी व्यक्तिगत भागीदारी ही सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। हमारा मानना है कि जब महिलाएं किसी उद्देश्य और समर्पण के साथ एकजुट होती हैं तो वे आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत नींव रख सकती हैं। इस मंच के माध्यम से हमारा लक्ष्य हर महिला को सशक्त बनाना है ताकि वे हमारे बच्चों और समाज के लिए एक बेहतर, सुरक्षित और प्रगतिशील भविष्य को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। आइए, हम सब एकजुट हों, एक-दूसरे का सहयोग करें और पूरे आत्मविश्वास तथा प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ें। हमारे समाज के विकास और आज के प्रतिस्पर्धी माहौल का सामना करने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। आइए, हम सब मिलकर एक सशक्त समाज का निर्माण करें ताकि हम अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित कर सकें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।



**-जय लाल पाली,** महाराष्ट्र

मो. 9022110933

# सगोत्र विवाह संबंध पूर्णतः प्रतिबंधित होना चाहिए!

भारतीय संस्कृति में आदिकाल से विवाह के अनेक प्रचलन हैं जिसमें सबसे अच्छी विवाह पद्धति अपनी जाति में विवाह करना है। अपने ही गोत्र से, भाई-बहन के बच्चों के साथ विवाह नहीं करना चाहिए। अन्य जाति अथवा धर्म संप्रदाय में विवाह नहीं करना भी उचित माना गया है। अन्य जाति या धर्म संप्रदाय में विवाह नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से समाज उसे सम्मानजनक ढंग से स्वीकार नहीं करता और उनके बच्चे को भी समाज सम्मान की दृष्टि से नहीं देखता है। इसीलिए भारतीय संस्कृति के अनुसार अपनी ही सामाजिक रीति अनुसार अपनी ही जाति में अपने रिश्ते-नातों के साथ सहमति से अन्य गोत्र में विवाह करने की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। आधुनिकता की आड़ में मनमाना आचरण करने वाले लोग अन्य समाज, जाति, संप्रदाय, धर्म अथवा अपने ही गोत्र में समाज के सहमति के बिना भी संबंध कायम करते हैं जो सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से अमान्य है। हाल ही में इसी आशय का आदेश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा भी पारित किया गया है। हमारा यही आप सभी से अनुरोध है कि अंतरजातिय विवाह संबंध ना करें, अपनी जाति व समाज में ही अपने गोत्र को छोड़कर अन्य गोत्र से विवाह करें और स्वस्थ, सुखी, सम्मानित जीवन यापन करने का प्रयास करें।



**-नारायण प्रसाद पाली**

वरिष्ठ नागरिक साहित्यकार

गडरिया समाज छत्तीसगढ़

मो. 9575761235

# समाज को अब सिर्फ कार्यशालाओं की जरूरत है!

समाज को अब सिर्फ कार्यशालाओं की जरूरत है, मोबाइल व मल्टीमीडिया ने लोगों के प्रति अतिशीघ्र सब सुख भोगने की जो लिप्सा पैदा की है वह अति सोचनीय है। समाज में सब कुछ बच्चे चाहे हमारे हों या आपके, मोबाइल पर बढ़ता आत्मविश्वास और उससे ही मित्रता कहाँ लिए जा रहा है, अति विचारणीय है। हिंदी साहित्य और सनातन को कोई पढ़ने में समय नहीं देना चाहता है। नारी जाति का काफी अपमान अब हो रहा है, पहले तो वह ही विकास की धुरी थी। एक बच्चे द्वारा अपनी मां व पत्नी की हत्या क्या प्रदर्शित कर रहा है? आप भी सोचें। एक लड़की के बलात्कार वाले केस में तमाम गड़रिया नेता वहाँ गए और अपनी नेतागिरी चमकाने का जब यत्न पूरे प्रदेश भर से किया था तब भी मैंने विरोध ही किया था। इससे जिले की एकता को चुनौती मिलती है। जब कहीं ऐसे अन्याय होते हैं, समाज का खासकर पाल समाज का स्वास्थ्य खराब करने में आगरा मण्डल के धनगर गड़रियों का योगदान किसी भी जनपद से ज्यादा रहता है। झूठे मंच लगाकर समाज को गुमराह करने का खेल बरसों से चल रहा है। उत्तर प्रदेश में कई जिलों में पाल, बघेल, गड़रिया समाज ने पेरियार की जयंती मनाई, मुझे अच्छा नहीं लगा। कारण पेरियार को जितना सम्मान तमिलनाडु में मिल चुका है, वह और कहीं के मोहताज नहीं रहे। रही गड़रियों की बात, यह समाज अपना खोया वजूद पाए, आत्मसम्मान पाए, बड़ा सम्मान पाए, यही समाज का भी प्रश्न है और राजनीति का भी।



**-जगदीश प्रसाद पाल,** उन्नाव

परास्नातक जनसंचार

मो. 9794866822

# जनगणना में अपनी जाति के सही आंकड़े प्रस्तुत करें!

हमारे देश भारत में जनगणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह जनगणना हमारे देश की 16वीं जनगणना है और स्वतंत्र भारत की 8वीं जनगणना है। लेकिन इस बार की जनगणना इसलिए बहुत विशेष है क्योंकि स्वतंत्र भारत में पहली बार सभी लोगों की जातियों की गणना की जाएगी तथा इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। मतलब कि प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी आनलाइन ही सरकारी पोर्टल व एप के माध्यम से दर्ज होगी। यह जनगणना दो फेस में होने वाली है, पहले फेज में मकानों की गिनती होगी जिसमे प्रत्येक घर की स्थिति गूगल मैप के माध्यम से दर्ज होगी। पहला फेज एक अप्रैल से 30 सितंबर तक चलेगा तथा दूसरा फेज फरवरी 2027 से प्रारंभ होगा। जनगणना के पहले फेज में 33 प्रश्न पूछे जाएंगे जिसमें परिवार के मुखिया की जाति का कॉलम भी है, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य का आप्शन दिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए आनलाइन टिक करता है तो आनलाइन ही जातियों की सूची आ जाएगी जिसे सलेक्ट कर वो लोग अपनी जाति भर सकते हैं। इस प्रकार पहले फेज में केवल एस सी, एस टी वर्ग की ही जातियों की जनणना की जाएगी, अन्य वर्ग और अन्य धर्म के लोगों की जाति या धर्म की गणना दूसरे फेज में की जाएगी। वैसे एससी, एसटी वर्ग के लोगों की जाति की जनगणना प्रत्येक जनगणना में की जाती रही है। उत्तर प्रदेश में हमारे समाज के कुछ लोग अन्य लोगों को जनगणना में अपनी जाति को अनुसूचित जाति के रूप में दर्ज करवाने के लिए कह रहे हैं, जो कि बहुत गलत होगा क्योंकि एससी, एसटी वर्ग के पूर्व जनगणना के आंकड़े सरकार के पास उपलब्ध हैं, जहां पर हमारी गणना ओबीसी या अन्य के रूप में की गई है। इसी प्रकार के कुछ समाचार महाराष्ट्र से भी मिल रहे हैं कि कुछ लोग अनुसूचित जनजाति में अपनी जनगणना करवाना चाहते हैं। इस प्रकार यदि किसी व्यक्ति के पास यदि एससी, एसटी का जाति प्रमाणपत्र नहीं है, वह भी अपनी जाति अनुसूचित जाति वर्ग का बताते हैं तो वह फ्राड की गिनती में आ जाएंगे। कुछ लोग हमारे समाज के लोगों को यह कहकर दिग्भ्रमित कर रहे हैं कि यदि उन्होने जनगणना में अपनी गिनती अनुसूचित जाति के रूप में करवा दी तो उन्हें अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र मिल जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है, यह जनगणना के आंकड़े हैं, इस आधार पर किसी का जाति प्रमाणपत्र नहीं बनेगा। इस बार जनगणना में एक कठोर नियम भी लाया गया है कि यदि किसी व्यक्ति ने सरकार को गलत आंकड़े दिये तो इसके लिए तीन वर्षों की जेल और आर्थिक जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसलिए सभी से निवेदन है कि वर्तमान में आपके पास जिस जाति का जाति प्रमाणपत्र है, वही जाति जनगणना में दर्ज करवाएं। इस बार जनगणना डिजिटल रूप में की जाएगी इसलिए इस बार नागरिकों को स्वगणना करने का मौका भी दिया गया है, आप स्वयं का या सामूहिक रूप से अपनी स्वगणना कर सकते हैं। पूरा फार्म आनलाइन भरने के बाद आपको 11 अंको का एसई आईडी मिलेगा जो आपके मोबाइल नंबर पर आएगा, उसे संभाल कर रखें तथा सरकारी प्रगणक के आने पर उन्हें वह आईडी दिखा दें। प्रगणकों के द्वारा आनलाइन जांच करने के पश्चात आपके फार्म को वेरिफाई कर दिया जाएगा। इस प्रकार आप अपनी सही जानकारी देकर अपने समाज के सही आंकड़े सरकार के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि हम सभी समाज बंधुओ ने अपनी जाति के सही आंकड़े सरकार के सामने रख दिये तो निश्चित रूप से हमारे समाज का प्रतिशत अन्य जातियों से अच्छा आएगा, जिससे भविष्य में हमको राजनैतिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से बहुत लाभ प्राप्त होगा और हमारा समाज भारत के विकास में अग्रणी समाज बनकर उभरेगा।



**-इंजी. महेंद्र सिंह पाल,** अजमेर

संस्थापक-पाल बघेल गड़रिया महासभा

मो. 8114426335

# डॉ. हरिसिंह पाल के निवास पर कई हस्तियां सम्मानित

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय गडरिया समाज दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध कवि डॉ. जयजयराम अरुण पाल के डॉ. हरिसिंह पाल के निवास पर पधारने पर उनका अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और साहित्य प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. जयजययराम अरुण पाल द्वारा पाल धर्मशाला के मंत्री विशनदेव पाल, श्रीकृष्ण मंदिर एवं धर्मशाला प्रबंधन समिति के मंत्री बेनी प्रसाद धनगर और प्रकाशन विभाग भारत सरकार द्वारा प्रकाशित पुस्तक अहिल्याबाई होलकर की लेखिका डॉ. पुष्पा पाल को 'चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य अशोक सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस अवसर



पर श्रीमती प्रज्ञा पाल, सुश्री शक्ति पाल, श्रीमती भावना बघेल, विहान वैभव पाल और प्रनाया पाल की भी उपस्थिति रही। -ब्यूरो

## हरेन्द्र पाल ने किया भाजपा नेताओं का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम पंचायत जटमुझेड़ा में भाजपा नेता हरेंद्र पाल (जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व मंडल अध्यक्ष) द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता पहुंचे। हरेन्द्र पाल ने अपने समर्थकों के साथ सभी का जोरदार स्वागत किया। उसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने, बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने, जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी



योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा हुई। भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल में प्रचंड विजय के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी गईं। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आह्वान किया गया कि ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ संगठन को अधिक से अधिक मजबूत बनाएं, कार्यक्रमों को सफल बनाएं। -शरद पाल

## धनगर समाज उत्थान समिति की बैठक में कई निर्णय

**सीतापुर।** धनगर समाज उत्थान समिति के पदाधिकारियों की बैठक यहां हुई जिसमें लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के विषय में विचार-विमर्श किया गया। सीतापुर मुख्यालय पर 5 जून को प्रातः 11 बजे से शाम पांच बजे तक भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल व विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु', श्रीमती नेहा अवस्थी नगर महापालिका अध्यक्ष-सीतापुर, रामकृष्ण भार्गव विधायक मिश्रिख, मनीष रावत विधायक सिधौली तथा धर्मेंद्र



धनगर पूर्व प्रत्याशी मिश्रिख (सुरक्षित) को आमंत्रित करने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही सीतापुर बार एसोसिएशन के चुनाव में अनुज कुमार धनगर एडवोकेट का संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद पर विजयी होने पर धनगर समाज उत्थान समिति के समस्त पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। -राम सागर धनगर 'परिवर्तन'

## उपेंद्र बघेल विशेष दूत नियुक्त

**एटा।** आईपीएस अधिकारी उपेंद्र बघेल को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में विशेष दूत उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया है। उन्हें हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। -सम्पादक



## टूंडला में धनगर महासभा ने चलाया जागरूकता अभियान

टूंडला। धनगर महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा धनगर जाति प्रमाणपत्र जारी कराए जाने के लिए टूंडला विधानसभा के गांव रासपुर पमारी में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट अध्यक्ष मानव अधिकार सर्वेक्षण फिरोजाबाद ने कहा कि अब जाति जनगणना शुरू हो चुकी है। धनगर जाति को अनुसूचित जाति के क्रम में जाति जनगणना में अनुसूचित क्रम में अंकित करवाने का धनगर समाज के महिला-पुरुषों ने संकल्प लिया। बैठक में बिहारी लाल धनगर पूर्व बीडीसी सदस्य, बंटू धनगर, नेमीचंद धनगर, राजेंद्र सिंह धनगर, पोप सिंह धनगर, सुनीता धनगर, गुड्डी देवी धनगर, श्रीमती सुमन देवी धनगर, श्रीमती शीला देवी धनगर, श्रीमती आशा देवी धनगर, श्रीमती सरोज देवी धनगर, श्रीमती राजकुमारी धनगर, कुलदीप धनगर, राहुल धनगर, कुमारी



अंशु धनगर, भगवती देवी, प्रिया कुमारी, लक्ष्मीकांत, चरण सिंह, शिवम कुमार, डूमर सिंह, अर्जुन सिंह, राजेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र, विजय सिंह, मानसिंह, यादराम सिंह धनगर, राकेश बाबू धनगर, ओम राय धनगर, रवि धनगर, आर्यन धनगर, अंकित धनगर, कुलदीप धनगर, दीपू धनगर व राहुल धनगर सहित सैंकड़ो लोगों ने धनगर प्रमाण पत्र जारी कराए जाने के लिए संकल्प लिया तथा जाति जनगणना में धनगर दर्ज करने पर डोर-टू-डोर चलने पर जोर दिया। -भमर सिंह धनगर एडवोकेट

## सौरभ पाल को बधाई

**प्रयागराज।** मेजा निवासी शिक्षक लालता प्रसाद पाल के सुपुत्र सौरभ पाल का प्रथम प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग में चयन हुआ है। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। -सम्पादक



## मथुरा में मेधावी छात्रों का 17 को होगा सम्मान

**मथुरा।** मिशन परिवर्तन धनगर समाज द्वारा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को 17 मई को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष राधेलाल धनगर के आवास पर हुई बैठक में तैयारियों पर मंथन किया गया। संगठन मंत्री रामप्रसाद धनगर ने बताया कि यूपी बोर्ड में 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। अन्य बोर्ड में 80 प्रतिशत से अधिक, उच्च शिक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले, अन्य स्पर्धा में जिला स्तरीय मेडल व प्रमाण पत्र प्राप्त करने



वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 17 मई को नवादा स्थित विनायक पैलेस में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम होगा। 15 मई तक आवेदन किया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक मुरारी लाल धनगर ने की। राधेलाल धनगर, डॉ. रमेश चंद धनगर, चंद्रभान धनगर, रामप्रसाद धनगर, यादराम धनगर, दुर्गेश धनगर आदि मौजूद रहे। -ब्यूरो

## डॉ. सत्येंद्र पाल ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** 8 मई को शाहपुर कल्पना चावला मेमोरियल इन्टर कॉलेज के ग्राउंड में डॉ. सत्येंद्र पाल द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर बुढ़ाना विधानसभा में होने वाली शोभायात्रा के विषय में विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कमेटी गठन के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया जिसमें राम प्यारे पाल (प्रधान) सफीपुर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। कमेटी के विस्तार के लिए गांव-गांव जाकर जागरूक किया जाएगा। युवा पाल समिति के सभी सदस्य भी गांव-गांव जाकर अपनी युवा समिति





एवं शोभायात्रा के लिए जागरूक करेंगे। डॉ. सत्येंद्र पाल ने विचारगोष्ठी में आए सभी सदस्यों, बुजुर्ग, युवा एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया। -ब्यूरो

## बरखा राम को मिली नई जिम्मेदारी

**चंडीगढ़।** विमुक्त जाति वेलफेयर बोर्ड पंजाब के चेयरपर्सन बरखा राम को आम आदमी पार्टी की सीनियर लीडरशिप ने म्युनिसिपल काउंसिल कुराली की स्क्रीनिंग कमेटी में शामिल किया है। इसके लिए बरखा राम ने पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान, पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया, स्टेट प्रेजिडेंट अमन अरोरा एवं आम आदमी पार्टी की संपूर्ण लीडरशिप का आभार व्यक्त किया है। इस उपलब्धि के लिए बरखा राम को हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हर्दिक शुभकामनाएं। -सम्पादक



## कन्हैया लाल उर्फ लीलू प्रधान सम्मानित

**हरिद्वार।** 7 मई को यहां पाल समाज धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा बनाई गई धर्मशाला पर मॉडल टाउन दिल्ली के निगम पार्षद विकेश सेठी (चेयरमैन केशव पुरम जोन) अपनी पूरी टीम के साथ आए और उन्होंने व उनकी पूरी टीम ने धर्मशाला की बहुत प्रशंसा की। पार्षद विकेश सेठी ने ट्रस्ट के उपाध्यक्ष कन्हैया



लाल उर्फ लीलू प्रधान को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया। -ब्यूरो

## राजाराम पाल की माता कर्मादेवी छोड़ गईं भावुक यादें

**मुंबई।** पाल विकास संघ मुंबई के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजाराम पाल की माता स्वर्गीय कर्मादेवी सहदेव पाल का 6 मई को सुबह 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्वर्गीय कर्मादेवी पाल की जन्मभूमि ग्राम देवकली तकिया, तहसील केराकत, जनपद जौनपुर थी। वर्तमान समय में उनका परिवार भटवाड़ी, घाटकोपर, मुंबई में निवास करता है। स्वर्गीय कर्मादेवी पाल अपने पीछे भरा-पूरा और खुशहाल परिवार छोड़ गई हैं। परिवार में पुत्र राजाराम पाल, रमेश पाल, पुत्रियां निर्मला देवी पाल, कमला देवी पाल, बहुएं रेखा देवी पाल एवं सुनंदा देवी पाल, पोते राहुल पाल, राकेश पाल, शिवा पाल, साहिल पाल तथा पोती प्रिया पाल और प्रीति पाल सहित पूरा परिवार गहरे दुख में है। बताया जाता है कि राजाराम पाल अपनी माता की सेवा, सम्मान और देखभाल में



सदैव समर्पित रहे। मां-बेटे के बीच अटूट प्रेम और गहरा लगाव था। राजाराम पाल अपनी माता को परिवार की प्रेरणा और आशीर्वाद मानते थे। अंतिम समय तक उन्होंने पुत्रधर्म निभाते हुए उनकी सेवा में कोई कमी नहीं आने दी। स्वर्गीय कर्मादेवी पाल के निधन पर समाज के लोगों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। -अनुराग पाल

## एडवोकेट रामकुमार पाल नहीं रहे

**अंबेडकर नगर।** पाल सेवा संघ अंबेडकरनगर के मार्गदर्शक तथा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार पाल (62 वर्ष) का 3 मई को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। ग्राम शहजादपुर जनपद अंबेडकर नगर के निवासी एडवोकेट स्व. रामकुमार पाल राजनीति के अलावा समाजसेवा में भी बहुत अग्रणी थे। उनके पिताजी स्व. अर्जुन पाल जिला चेयरमैन भी रहे। स्व. रामकुमार पाल के परिवार में उनकी धर्मपत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा (सभी अविवाहित) है। उनका अंतिम संस्कार 4 मई को 'अमरौला घाट' पर किया गया जहां सैंकड़ों लोगों ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। -ब्यूरो




## शानदार रहा आरके पब्लिक स्कूल का परिणाम

**तखतपुर।** ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्थान आरके पब्लिक स्कूल बरेला का परिणाम शानदार रहा। नारायण प्रसाद पाली विद्यालय प्रवक्ता ने बताया कि कक्षा दसवीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेहतर परिणाम प्रस्तुत किया। डायरेक्टर रविंद्र तिवारी, प्राचार्य श्रीमती शारदा गुप्ता एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी हैं। कक्षा दसवीं में गौरी मिश्रा 94.67 प्रतिशत, आंचल देवांगन 94 प्रतिशत, माही अग्रवाल 92.83 प्रतिशत, अंजली यादव 84 प्रतिशत, स्वागत सोनी 81.83 प्रतिशत, कक्षा 12वीं में आर्य राजपूत 90 प्रतिशत, प्रार्थना गुप्ता 84.4 प्रतिशत, फातिमा 85 प्रतिशत,









सागर गुप्ता 84.4 प्रतिशत, प्रयांग पांडेय 77.2 प्रतिशत, रितिका पटेल 77 प्रतिशत, प्रिया साहू 75 प्रतिशत, अनुग्रह तिवारी 75 प्रतिशत, मान्यता यादव ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया। -ब्यूरो

# बुंदेली में गडरिया महासभा का वार्षिक सम्मेलन संपन्न, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित

**खैरागढ़।** ग्राम बुंदेली में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर प्रतिमा स्थापना समारोह एवं गडरिया महासभा का वार्षिक सम्मेलन गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नारायण प्रसाद पाली एवं निरंजन लाल धनकर प्रदेश मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़ गडरिया (ढेंगर) समाज ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घम्मन साहू, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, सरपंच दिवाकर सोनी, श्रीमती अनीता पाल उप सरपंच, श्रीमती मधु पाल पंच रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के अध्यक्ष छगनलाल धनकर ने की। गडरिया महासभा सामाजिक सम्मेलन का द्वितीय चरण भोजन उपरांत शुरू किया गया जिसमें अजय हंसा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ, गोविंद धनकर प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गडरिया (ढेंगर) समाज रायपुर, कुंभ लाल धनकर प्रदेश कार्यकारी महासचिव, श्रीमती सुनीता गोपाल धनगर प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती ममता राजेश पाल प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ, अभिमन्यु धनगर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, विनोद पाली प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, नारायण प्रसाद पाली, निरंजन



लाल धनकर मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी, मनीराम पाली प्रदेश प्रवक्ता, मुकेश धनकर, भुवनेश्वर पाल (गोलू) कार्यकारी जिला अध्यक्ष, शंकर पाल जिला अध्यक्ष धमधा गंडई परिक्षेत्र, अशोक पाल सचिव, महतो ईदूराम पाल, अशोक पाल, बुंदेली सेक्टर के बसंत पाल, भानु पाल, योगेश पाल, यति पाल, गणेश पाल, मनहर, कमल, महतो भैया, रामपाल, संतो राम पाल विचारपुर, बंटी पाल, जितेंद्र पाल, धर्मेंद्र पाल, माधव पाल, परमानंद पाल, नरेंद्र पाल, महेंद्र पाल एवं विभिन्न सेक्टर से पहुंचे सेक्टर प्रभारी, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण सामाजिक जन, माता-बहनें, बच्चे आदि शामिल रहे। महासभा में सामाजिक पदाधिकारियों ने सामाजिक एकता पर बल दिया। सामूहिक विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, नशामुक्त परिवार निर्माण, पौधारोपण तथा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के विचारों पर चलने का आह्वान करते हुए सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर सामूहिक रूप से विचार-विमर्श कर सकारात्मक निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का सशक्त एवं महत्वपूर्ण संचालन जिला सचिव योगेश्वर धनकर द्वारा किया गया। कोषाध्यक्ष सुरेश पाल द्वारा आमदनी एवं खर्च की संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के छायाचित्र का पूजन-अर्चन कर किया गया। मेरिट लिस्ट में आने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। सभी आमंत्रित अतिथियों को अंगवस्त्र, श्रीफल एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का मोमेंटो देकर सामाजिक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों के लिए भोजन एवं स्वल्पाहार की बहुत अच्छी व्यवस्था की गई थी। महासभा में राजनांदगांव, खैरागढ़, जिला परिक्षेत्र गंडई धंधा, जिला परिक्षेत्र रायपुर, बिलासपुर एवं विभिन्न जिला परिक्षेत्र के सम्मानित पदाधिकारी, प्रतिनिधि और सामाजिक जन भारी संख्या में उपस्थित रहे। **-नारायण प्रसाद पाली**

# मातृ दिवस पर समाज की महिलाओं को सम्मानित किया

**टूंडला।** धनगर महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा गांव आलमपुर और मतामई में धनगर समाज की मीटिंग 10 मई को हुई। मीटिंग में बोलते हुए धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व मानवाधिकार सर्वेक्षण के जिला अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट ने अपील की कि वह जाति जनगणना में एससी दर्ज कराने में मदद करते हुए जनगणना में भूमिका अदा करें। यदि तहसीलों में प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता है तो सभी धनगर समाज एकत्रित होकर जिलाधिकारी, तहसीलदार, विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि के पास जाकर मांग करें कि प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। उसके बावजूद भी



प्रमाण पत्र जारी नहीं होता है तो आंदोलन करें। इस अवसर पर मातृ दिवस के उपलक्ष्य में समाज की महिलाओं को सम्मानित किया गया। भंवर सिंह धनगर एडवोकेट ने कहा कि मां पहली शिक्षक होती है। मां की ममता और त्याग हमारे जीवन की नींव है जो हमें अंधेरे में उजाला दिखाती है। इस दौरान ममता धनगर, मनपाल सिंह धनगर, गीता देवी धनगर, हार्वे धनगर, गुड्डी देवी धनगर, विमला देवी धनगर, रामवती, रामबेटी, गंगा, सीता देवी धनगर, कामिनी देवी, मोनी धनगर, मयंक धनगर, रामस्वरूप धनगर, पप्पू धनगर, सेवा धनगर, मदन लाल धनगर, संजू धनगर, रामगोपाल धनगर, हेमलता धनगर, जोगेंद्र, धनराज पाल सिंह धनगर, गुड्डी देवी, ज्योति, प्रेमलता, अंजनी, महेंद्र प्रताप सिंह धनगर, रमेश धनगर, सचिन धनगर, आशीष धनगर, प्रवीण धनगर, सौरव धनगर, अंकित धनगर, दीपांशु धनगर, नितिन धनगर, सचिन धनगर, विवेक धनगर, रामदेव धनगर आदि उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

# गडरिया ढेंगर सामाजिक भवन का भूमि पूजन संपन्न

**बिलासपुर।** ग्राम मोहगांव में गडरिया समाज की आराध्य देवी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु मुख्य अतिथि विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके लिए 5 लाख रुपये का वर्क ऑर्डर हो गया है एवं 5 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा विधायक द्वारा की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के विशिष्ट कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्हें नमन किया। गडरिया समाज प्रदेश संगठन मीडिया प्रभारी नारायण प्रसाद पाली एवं निरंजन धनकर ने बताया कि मोहगांव सेक्टर के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का कंबल एवं लोकमाता के छायाचित्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती राजकुमारी राजेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य, आमंत्रित अतिथि सरपंच श्रीमती सीता वेद राम प्रजापति,





गडरिया समाज के पदाधिकारी काशीराम पाली, मनीराम पाली, आत्माराम पाली, नंदकुमार पाली, सोनू पाली, नारायण पाली सेक्टर सचिव रहे। श्रीमती कमला पाली, बेला पाली, सुनीता पाली, गडरिया समाज प्रदेश संगठन के नारायण प्रसाद पाली, मनीराम पाली, महेश पाली ने सभा को संबोधित किया। **-ब्यूरो**

# सपना गडरनी का नया गाना लांच




**मेरठ।** पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के अवसर पर नवोदित गायिका सपना गडरनी ने 'क्षत्राणी माँ अहिल्याबाई' नाम से अपना नया गाना लांच किया है जो उनके यूट्यूब चैनल 'Sapna Gadarni 11' पर उपलब्ध है। इस गाने में सपना गडरनी के साथ ही काव्या पाल, नितिन गडरिया, विक्की, विनीत पाल, आदि कलाकारों ने भाग लिया है। **-ब्यूरो**

**मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं-**

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
   142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल**, पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   ग्राम-घाट, डॉ0-पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल**, (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलंजरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर-6-1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
   निवास : बी-228, सेक्टर-1, शताब्दी नगर, मेरठ। मो0 9837182284
7. **श्री महेन्द्र पाल (मिर्ची)** (उपाध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   प्रतिष्ठान: कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, 75, गडोदिया मार्केट फर्स्ट फ्लोर, खारी बावली, दिल्ली-6
   निवास: 50/7, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद। मो. 8766371312, 8057545916
8. **श्री अमित कुमार पाल** (मेरठ महानगर अध्यक्ष, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   दुकान : शॉप नं0 2, कला मंदिर वाली गली, पैंठ एरिया, लालकुर्ती,मेरठ कैंट।
   निवास : 121/14, प्रगति नगर, दयावती एकाडेमी वाली गली, मेरठ। मो0 9927880107
9. **ठेकेदार कमल पाल सिंह** (मेरठ मंडल महासचिव, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   377, नई गोविन्दपुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट । मो0 8006567896
10. **श्री दीपक पाल** ( अध्यक्ष, अ.भा. युवा पाल महासभा मेरठ)
   दुकान: पाल साड़ी महल, मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ।
   निवास: ग्राम खड़ौली, मेरठ। मो0 9897876137

## निःशुल्क कानूनी सलाह लें!

पाल समाज के व्यक्तियों के लिए 'हरिकमल दर्पण' निःशुल्क कानूनी सलाह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए सम्पर्क करें-

1. **श्री राजकुमार सिंह पाल एडवोकेट,**
   सी-10, पांडव नगर, मेरठ। मो0 9837474234
2. **श्री रामकरण पाल एडवोकेट**
   ग्राम-घाट, डा0-पाँचली खुर्द, मेरठ। मो0 8630647665
3. **श्री महेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   ए-20/3, रॉयल पार्क, पल्लवपुरम फेस 1, मेरठ। मो0 8954682770
4. **श्री मेहर सिंह पाल एडवोकेट**
   721, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा मेरठ कैंट। मो. 9259444219
5. **श्री सत्येन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   हाईकोर्ट सीट नं0 80, अम्बेडकर हॉल, न्यू लाईब्रेरी के नीचे, हाईकोर्ट, इलाहाबाद।
   कार्यालय: 40-ए, धर्मवीर मार्ग, सुलेम सराय, इलाहाबाद। मो0 7668937169, 9451506915
6. **श्री लखमी चंद पाल एडवोकेट**
   383, पर्वतीया कॉलोनी, एन.आई.टी, फरीदाबाद। मो. 9811444654
7. **एडवोकेट नीरज पाल**
   फ्लैट नम्बर 1 बी, डी.आई.जेड एरिया, ब्लॉक 50, सेक्टर 2, काली बाड़ी मार्ग,
   कनॉट प्लेस, दिल्ली-110001, मो.9911752988
8. **श्री सुभाष पाल एडवोकेट**
   पाल सेवा समाज, एस.आर. मॉडर्न स्कूल एंड एजुकेशन, CPJ 2nd, 59 न्यू सीलमपुर, दिल्ली-110053,
   मो. 9818744044, 8700153018 (WWW.PAL333.COM)
9. **श्री राजीव कुमार पाल एडवोकेट**
   चैंबर नं.19, हाईकोर्ट, प्रयागराज, मो. 9368267447,8533029001
10. **एडवोकेट विवेक पाल 'टाइगर'**
   टेबिल नंबर 8, ओल्ड लाइब्रेरी, उत्तरी बरामदा, हाईकोर्ट, इलाहाबाद, मो. 9559695244, 8181859252

## हमारे जनपद प्रतिनिधि

1. **गाजियाबाद में** श्री बी.के.एस. पाल मो. 9650577367
2. **गौतमबुद्धनगर में** श्री रमेश पाल खोदना मो. 9899261957
3. **अलीगढ़ में** श्री योगेश कुमार सिंह पाल मो. 9412593896
4. **लखीमपुर खीरी में** श्री अमित पाल धनगर मो. 9621968244
5. **रीवा (मध्य प्रदेश) में** श्री मोती लाल पाल मो. 9584634770
6. **गुड़गांव (हरियाणा) में** श्री राम नरेश पाल, मो. 9810967600
7. **लखनऊ में** श्री पी.के. सिंह पाल मो. 9839423719; श्री बिंदेश्वरी प्रसाद पाल मो. 9450503655
8. **सोनीपत (हरियाणा) में** श्री फत्ते सिंह पाल मो. 8816867995
9. **भोपाल में** श्री नर्मदा प्रसाद पाल मो. 9993090768
10. **भागलपुर में** श्री मनमोहन लाल पाल मो. 8004924005
11. **जौनपुर में** श्री नीलम विकास पाल मो. 8957422574
12. **हरदोई में** श्री अमित सिंह पाल मो. 8887655467
13. **इटावा में** श्रीमती विनीता पाल मो. 9891741859
14. **औरैया में** श्री मनीष पाल मो. 9758562193
15. **ललितपुर में** श्री इन्द्रपाल सिंह मो. 9695037944, 9793791944; श्री रामेश्वर पाल सिमिरिया मो. 9889577860
16. **इंदौर में** श्री दिनेश पाल मो. 8889363636
17. **जबलपुर में** श्री अनिल धनगर मो. 9165202780
18. **फरीदाबाद में** श्री देवेन्द्र कुमार होलकर मो. 9910813294
19. **फर्रुखाबाद में** श्री आवेश पाल मो. 8887698240, 9956966596
20. **मुजफ्फरनगर में** श्री शरद पाल उर्फ अभिषेक मो. 9690501498
21. **कन्नौज में** श्री राघवेन्द्र कुमार पाल मो. 708583085
22. **शाहजहाँपुर में** श्री के.पी. सिंह मो. 8840196328
23. **कौशाम्बी में** श्री श्याम कुमार पाल मो. 9621055595
24. **पलवल में** श्री नरेश कुमार बघेल मो. 8053024093; प्रोफेसर (इंजी.) भजनलाल हंस बघेल मो. 9588523484
25. **मऊ में** श्री हरिश्चंद पाल मो. 9454728541
26. **फिरोजाबाद में** श्री अनूप कुमार बघेल मो. 9557673320
27. **बिजनौर में** श्री ब्रजपाल धनगर पत्रकार मो. 9927622327, 8840524330
28. **मथुरा में** श्री संजय धनगर मो. 9412661310
29. **अयोध्या में** श्री अंजनी कुमार पाल मो. 9839500920
30. **ढाणे में** श्री अनुराग राजनरायन पाल मो. 8898985378
31. **हापुड़ में** श्री संजय पाल धनगर मो. 8868894986, 9811410592
32. **छतरपुर में** श्री रूपेन्द्र पाल मो. 9977727589, 9926102284
33. **आगरा में** श्री हरिओम बघेल (बग्गी) मो. 9411258358
34. **वाराणसी में** श्री इन्द्रदेव पाल मो. 8574027460
35. **उज्जैन में** श्री नरेन्द्र पाल मो. 9074404421
36. **देवरिया में** श्री सूरज प्रसाद पाल मो. 9415384697
37. **उन्नाव में** श्री जगदीश प्रसाद पाल मो. 9794866822 9452036460
38. **मुरादाबाद में** श्री प्रदीप कुमार सिंह पाल मो. 9917558093,
39. **प्रतापगढ़ में** श्री धर्मेन्द्र कुमार पाल मो. 9919077729, 9621073200
40. **गोडा में** श्री मुखराम पाल मो. 9455453381, 9457341699
41. **भदोही में** श्री रवि प्रकाश पाल मो. 9451013781, 6394188797
42. **सीतापुर में** श्री आदित्य प्रकाश पाल मो. 9695207197
43. **पुणे में** श्री रणवीर सिंह बघेल मो. 9423245315
44. **बीकानेर में** श्री देवेन्द्र पाल सिंह मो. 9950564478
45. **प्रयागराज में** डॉ. कुमार रमेश मो. 8887957618
46. **लुधियाना में** डॉ. साधू राम पाल मो. 9888100609
47. **फिरोजाबाद में** श्री पहुंची लाल धनगर मो. 8755812543
48. **हाथरस में** श्री लाखन सिंह बघेल मो.9811748774
49. **चित्रकूट में** श्री शत्रुघन प्रताप पाल मो. 7991440776

## चुग दाने कितने चले गए थे!

**(मधुगीति 260425 B) 10:24**

चुग दाने कितने चले गए थे, विहग वीराने;
कर दर्श परश प्राण गए, देने वाले!
अंतस् रहा सनेह,
देह उनकी निराली;
नयनों की झलक प्यारी-प्यारी,
नजर दुलारी!
हर जीव लखा ब्रह्म,
हृदय उनको था देखा;
जब आए निकट जगत बीच,
पड़ा परेखा!
भय रहा हीन भाव रहा,
द्वैत समाया;
अद्वैत जब था आया,
कहाँ मन वह भाया!
अठखेली वो भी किया,
कभी मन को रिझाया;
'मधु' प्रीति किए देखा किए,
को थे सयाने!



**-गोपाल बघेल** 'मधु'
टोरोंटो, ओन्टारियो, कनाडा
www.GopalBaghelMadhu.com

## वह नारी मां कहलाती है!

जो हर दुख हंसकर सहती है।
कठिनाइयों से डटकर लड़ती है।
वह नारी मां कहलाती है।
पति को देवता
